मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-620
13/12/2023

# मुख्यमंत्री ने पुनौराधाम परिसर के विकासात्मक कार्यों का किया शिलान्यास

पटना, 13 दिसम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 72.47 करोड़ रुपये की लागत की सीतामढ़ी जिला अंतर्गत पुनौराधाम मंदिर (मां जानकी जन्म भूमि) परिसर के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने साइट प्लान के माध्यम से पुनौराधाम मंदिर परिसर में कराए जानेवाले विकास कार्यों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुनौराधाम परिसर एवं सीताकुंड का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुनौराधाम मंदिर के विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। मंदिर प्रांगण में स्थित सीताकुंड को ठीक ढंग से विकसित करें एवं उसका सौंदर्यीकरण बेहतर तरीके से कराएं। विकास कार्य पूर्ण होने से यहां आनेवाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी। यहां आकर उन्हें प्रसन्नता की अनुभूति होगी।

मुख्यमंत्री ने सीताकुंड एवं पुनौराधाम मंदिर में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को पाग एवं अंग वस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं नेताओं ने भी मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया।

पुनौराधाम, बिहार में रामायण सर्किट से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों में से एक है। इसके विकास हेतु पुनौराधाम मंदिर के चारों ओर एक छतदार परिक्रमा पथ का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें बलुआ पत्थर का उपयोग कर उत्कृष्ट वास्तुकला का समावेश किया जायेगा। पर्यटकों की सुविधा हेतु जानकी महोत्सव मैदान में वाहनों के लिए पार्किंग, आगन्तुकों के लिए कैफेटेरिया, कियोस्क और ट्वायलेट की सुविधाओं का निर्माण प्रस्तावित है। विकास कार्यों में सीता वाटिका तथा लव–कुश वाटिका का निर्माण भी प्रस्तावित है। ध्यान के लिए शांति मंडप का निर्माण सीता वाटिका के समीप किया जायेगा। देवी सीता के जीवन वृतान्त को दर्शाने वाला थ्री डी एनिमेशन की व्यवस्था का भी प्रावधान है, जो पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आर्कषण का केन्द्र होगा।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेश चंद्र ठाकुर, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री मो0 जमा खान, बिहार विधान परिषद् के उप सभापति श्री रामचंद्र पूर्वे, सांसद श्री सुनील कुमार पिंटू, विधायक श्री चेतन आनंद, विधायक श्री संजय कुमार गुप्ता, विधायक श्री मिथलेश कुमार, विधायक श्री दिलीप राय, विधायक श्री मुकेश कुमार यादव, विधायक श्री पंकज कुमार मिश्र, विधान पार्षद श्री खालिद अनवर, विधान पार्षद श्रीमती रेखा कुमारी, विधान पार्षद श्री रामेश्वर कुमार महतो, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजू गीता, महावीर मंदिर न्यास, पटना के सचिव श्री आचार्य किशोर कुणाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री पंकज सिन्हा, सीतामढ़ी के जिलाधिकारी श्री मनेश कुमार मीणा, पुलिस

अधीक्षक श्री मनोज कुमार तिवारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी एवं आमजन उपस्थित थे।

******